राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी भी रहे विशेष रूप से उपस्थित

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्यपाल मुख्य समारोह में सम्मिलित हुए, 'योग स्वयं के लिए और समाज के लिए' का संकल्प दिलाया

जयपुर, 21 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय योग समारोह में उपस्थित जनों को 'योग स्वयं के लिए और समाज के लिए' का संकल्प दिलाया। संकल्प में उन्होंने सभी के सुखी होने, सभी के निरोग रहने और राष्ट्र और समाज के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। इससे पहले उन्होंने सामूहिक समारोह में सभी के साथ योग आसन और प्राणायाम क्रियाएं भीं की।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सबके साथ योग करते हुए स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने भी सबके साथ सामूहिक योग और प्राणायाम किया।

राज्य स्तरीय समारोह में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित अन्य मंत्रियों और विधायकों, जन प्रतिनिधियों, मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारियों, गणमान्य जनों और आम जन ने योग, प्राणायाम आदि के आसन किए।

आरंभ में राज्यपाल श्री मिश्र के समारोह स्थल पहुंचने पर मुख्यमंत्री श्री शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।

लिए
श्री भजनलाल शर्मा
श्री कलराज मिश्र

श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान
श्री कलराज मिश्र
श्री भजनलाल शर्मा
डॉ. प्रेमचन्द बैरवा

श्री कलराज मिश्र
महामहिम राज्यपाल महोदय

10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
के लिए
माननीय मुख्यमंत्री,